# बहादुर बितो

## कहानी में ढूँढ़ो

- **शेर किसान से क्या लेने गया था?**

उत्तर शेर किसान से उसका बैल लेने गया था।

- **शेर ने बित्तो को राक्षसी क्यों समझ लिया?**

उत्तर जब शेर ने बित्तो को यह कहते हुए सुन लिया कि वह चार शेरों का नाश्ता करती है तो उसने उसको (बित्तो) राक्षसी समझ लिया।

- **बैल की जान कैसे बची?**

उत्तर बित्तो की तरकीब ने बैल की जान बचा ली। वह एक भयंकर रूप धारण कर हाथों में दराँती लिए घोड़े पर सवार होकर शेर के पास पहुँच गई और जोर-शोर से राक्षस की तरह चिल्लाने लगी। शेर उसकी डरावनी बातों से इस तरह घबरा गया कि तुरंत भाग खड़ा हुआ।

## तुम्हारी ज़बानी

**नीचे कुछ शब्दों के नीचे रेखा खिंची हुई है। उन्हें ध्यान में रखते हुए नीचे लिखे वाक्यों को अपने शब्दों में लिखो।**

- बित्तो घोड़े पर सवार हो गई।
- तुम घर की गाय को शेर के हवाले कर रहे थे।
- आज एक राक्षसी से पाला पड़ गया।
- अगर बैल आपके हाथ न आए तो मेरा नाम भेड़िया नहीं।
- शेर को देखते ही किसान के होश-हवास गुम हो गए।

उत्तर
- बित्तो घोड़े पर बैठ गई।
- तुम घर की गाय शेर को दे रहे थे।
- आज एक राक्षसी से सामना हुआ।
- अगर बैल आपको नहीं मिले तो मेरा नाम भेड़िया नहीं।
- शेर को देखते ही किसान घबरा गया।

## बेचारा भेड़िया!

- **शेर तो डर कर भाग गया। सोचो तो भेड़िए का क्या हुआ होगा?**

उत्तर दोनों की पूँछ बँधी थी। अतः अगर शेर भागा तो जाहिर है भेड़िया भी उससे घिसटता हुआ चला गया होगा। संभवतः उसे चोट भी आयी होगी। वह बुरी तरह से जख्मी भी हो गया होगा।

- **शेर किसान के पास कितनी बार गया था? कहानी देखे बिना बताओ।**

उत्तर शेर किसान के पास मात्र दो बार गया था।

## खाली जगह में क्या आएगा?

- मेरी छत पर मोर आया।
- मेरी छत पर मोरनी आई।

**मोर-मोरनी की तरह लिखे शब्दों के भी रूप बदलो।**

उत्तर औरत – मर्द    घोड़ा – घोड़ी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शेर | – | शेरनी | मछुआरा | – | मछुआरिन |
| बच्चा | – | बच्ची | राजा | – | रानी |

## मैं नहीं जाऊँगा!

- शेर ने बित्तो को राक्षसी समझ लिया। वह खेत में नहीं जाना चाहता था पर भेड़िए के समझाने पर वह राज़ी हो गया। सोचो, शेर और भेड़िए के बीच क्या बातचीत हुई होगी?

**शेर** – भेड़िए, तुम क्यों हँस रहे हो?

**भेड़िया** – महाराज, वह तो बित्तो थी।

**शेर** – नहीं नहीं। वह सचमुच राक्षसी थी।

**भेड़िया** – मैंने अपनी आँखों से देखा है महाराज। वह बित्तो ही थी। पता नहीं कैसे आपने उसे राक्षसी समझ लिया।

**शेर** – क्या तुम सही कह रहे हो?

**भेड़िया** – हाँ, महाराज। मैं आपके साथ चल सकता हूँ।

**शेर** – ठीक है, मैं तुम्हारे साथ जाने को तैयार हूँ किन्तु एक शर्त पर। तुम्हें अपनी पूँछ मेरी पूँछ से बाँधना होगा।

## बोलो, तुम क्या सोचती हो!

- **भेड़िए ने शेर को भोले महाराज क्यों कहा? क्या शेर सचमुच भोला था?**

उत्तर भेड़िए ने शेर को भोले महाराज इसलिए कहा क्योंकि उसने किसान की पत्नी (बित्तो) को राक्षसी समझ लिया। वह यह समझ ही नहीं सका कि केवल उसे डराने के लिए बित्तो ने चार शेरों का नाश्ता करने वाली बात कही। शेर भोला बिल्कुल नहीं था। दरअसल वह बहुत बड़ा मूर्ख था।

- **शेर ने भेड़िए की पूँछ के साथ अपनी पूँछ क्यों बाँध ली?**

उत्तर राक्षसी के सामने भेड़िया उसे छोड़कर भाग न जाए इसलिए शेर ने उसकी पूँछ के साथ अपनी पूँछ बाँध ली।

- **क्या शेर फिर कभी बित्तो के खेत की तरफ गया होगा? हाँ, तो क्यों? नहीं, तो क्यों?**

उत्तर शेर फिर कभी बित्तो के खेत की तरफ नहीं गया होगा, क्योंकि वह अभी भी बित्तो को राक्षसी ही समझ रहा था।

- **बित्तो की हिम्मत तुम्हें कैसी लगी? अगर तुम बित्तो की जगह होतीं तो शेर से कैसे निपटतीं?**

उत्तर बित्तो की हिम्मत बेहद प्रशंसनीय है। अगर मैं बित्तो की जगह होती तो बंदूक लेकर शेर के समीप वाले पेड़ पर चढ़ जाती और बंदूक से उसे मार डालती।

## राज का राज़

*शेर जंगल पर राज करता था।*

*मेरा राज़ किसी से न कहना।*

राज और राज़ को बोलकर देखो।

दोनों के बोलने में फ़र्क है न?

- **कहानी में से ऐसे ही ज़ पर लगे नुक्ते वाले शब्द ढूँढ़ो।**

उत्तर मोटा-ताज़ा  रोज़  तेज़ी से  चीज़  ज़ोर से

- **अब अपने मन से सोचकर ज़ पर लगे नुक्ते वाले पाँच शब्द लिखो।**

उत्तर कागज़  ज़ज्बा  ताज़गी  ज़ल्लाद  ज़िंदगी

## अगर ऐसा होता तो

- **अगर तुम शेर की जगह होतीं तो क्या करतीं?**

उत्तर बित्तो की बात में न आतीं और बैल को खा जाती।

- **अगर तुम बित्तो की जगह होतीं तो शेर से कैसे निपटतीं?**

उत्तर बंदूक से शेर को मार गिराती।

## पहचानो तो

- **कहानी में तुमने दराँती का चित्र देखा। नीचे ऐसे ही कुछ और औज़ारों के चित्र दिए गए हैं। उन्हें पहचानो और बॉक्स में दिए शब्दों में से सही शब्द ढूँढ़कर लिखो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पेचकस | खुरपी | करनी | हथौड़ी | आरी |

उत्तर



हथौड़ी




पेचकस



खुरपी



करनी



आरी

## वरना

- **शेर ने किसान से कहा–अपना बैल मुझे दे दो वरना मैं तुझे खा जाऊँगा। वरना शब्द का इस्तेमाल करते हुए तुम भी तीन वाक्य बनाओ।**

उत्तर
- मेरी बात सुनो वरना मैं तुम्हें थप्पड़ लगा दूँगा।
- जल्दी-जल्दी चलो वरना बस छूट जाएगी।
- समय पर खाओ वरना भूख मिट जाएगी।

## हम किसी से कम नहीं

- **कई जगहों पर गाँवों में औरतें खेतों में भी काम करती हैं। तुम्हारे आसपास की औरतें और लड़कियाँ क्या-क्या काम करती हैं?**

उत्तर खाना बनाती हैं, कपड़े धोती हैं, बाजार से राशन के सामान और सब्जी लाती हैं, दूध लाती हैं, आदि।

## शेर और घोड़ा

**शेर और घोड़े में कई अंतर होते हैं।**

**ध्यान से सोचकर नीचे लिखो**

उत्तर

| | शेर | घोड़ा |
|---|---|---|
| खाना | जानवरों का माँस | चना और घास |
| घर | जंगल में गुफा के अंदर | अस्तबल |
| रंग | काली सफेद धारियाँ | सफेद, भूरा और काला |
| आदतें | शिकार करने से पहले घात लगाना | तेज दौड़ना |

## कौन क्या है?

- **नीचे दिए गए शब्दों को सही तालिका में लिखो।**

किसान, बोतल, लता, कक्कू, केला, कलम, राजू, रानू, चूहा, नीना, शेर, जूता, चारपाई, पगड़ी, खरगोश, करेला, छलनी, बित्तो, घोड़ा, गौरैया, बाल्टी, पीपल, कोयल, नीम, किताब, दराँती

| जानवर | चीजें | नाम |
|---|---|---|
| शेर, खरगोश, घोड़ा, गौरैया, कोयल, चूहा | बोतल, लता, केला, कलम जूता, चारपाई, पगड़ी करेला, छलनी, बाल्टी किताब, दराँती | किसान, कक्कू, राजू रानू, नीना, बित्तो पीपल, नीम |